**आर.ई.सी. ओपन ईस्टर्न टैलेंट हंट बॉक्सिंग प्रोग्राम के उद्घाटन समारोह में माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया के संबोधन का प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| **दिनांक 03 मार्च 2024, रविवार** | **समय : 3.00 PM** | **स्थान : TRP Indoor Stadium** |

- असम के महाअधिवक्ता श्री देबोजीत सैकिया जी,
- विधायक श्री दिगंत कलिता जी,
- राज्य सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री कौसर जमील हिलाली जी,
- भारतीय मुक्केबाजी संघ के महासचिव श्री हेमंत कुमार कलिता जी,
- असम मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष श्री कमल ग्यारी जी,
- उपस्थित अन्य अतिथिगण,
- मेरे प्यारे खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों
- देवियों और सज्जनों,

नमस्कार !

आर.ई.सी. ओपन ईस्टर्न टैलेंट हंट बॉक्सिंग कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर आप सभी को संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। वास्तव में यह देश में खेल संस्कृति और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए युवा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल संगठनों को प्रोत्साहित करने का अवसर है। मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं भारतीय बॉक्सिंग महासंघ (BFI) को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। साथ इस कार्यक्रम में आप सभी का अभिनन्दन करता हूं।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय मुक्केबाजी संघ ने अग्रणी महारत्न कंपनी **रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कोर्पोरेशन (आर.ई.सी.) लिमिटेड** और **भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)** के सहयोग से देश भर में इस टैलेंट हंट कार्यक्रमों का आयोजन किया है। यह देश में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मुक्केबाजी में नई प्रतिभा की तलाश के लिए “खेलो इंडिया” के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित करना प्रशंसनीय है। मैं इसके लिए बीएफआई, आर.ई.सी लिमिटेड और साई को हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

देश के उत्तर, पश्चिम और दक्षिण क्षेत्र में टैलेंट हंट कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद अब पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मैं समझता हूं कि यह असम सहित उत्तर पूर्वी राज्यों के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यक्रम से मुक्केबाजी के कई प्रतिभाओं की पहचान होगी। यह कार्यक्रम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुझे बताया गया है कि यह बॉक्सिंग टैलेंट हंट प्रतियोगिता चार वर्गों- **जूनियर, सब-जूनियर, इलाइट** और **यूथ** में आयोजित किया जा रहा है। 9 मार्च तक आयोजित हो रहे जूनियर और सब जूनियर वर्ग में जहां बालक और बालिकाएं अपनी प्रतिभा दिखाएंगे, वहीं 11 से 18 मार्च तक आयोजित होने वाले इलाइट और यूथ केटेगोरी की प्रतिस्पर्दधाओं में हमारे युवा परुष एवं महिला खिलाड़ी अपने खेल कौशल और मुक्के का दम दिखाएंगे।

मुझे विश्वास है कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ इसमें भाग लेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मैं सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि टैलेंट हंट प्रोग्राम के बाद भारतीय मुक्केबाजी संघ द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर पर टैलेंट हंट प्रतियोगित का आयोजन किया जाएगा, सभी टैलेंट हंट प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपनी क्षमता और प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा।

जमीनी स्तर से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें खेल के लिए बड़ा मंच प्रदान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना वास्तव में यह सराहनीय पहल है। मैं समझता हूं कि खेल में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की मुक्केबाजी संघ की यह प्रतिबद्धता भारतीय मुक्केबाजी के भविष्य के लिए निवेश है। इससे हमें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने में मदद मिलेगी, जो भारत को खेलों का महाशक्ति बनाने में योगदान देगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कई अवसरों पर कहा है- "खेल एक ऐसी सॉफ्ट पावर है, जो दुनिया का ध्यान भारत की ओर आकर्षित कर सकती है।" खेल में नागरिकों के विशेष व्यक्तित्व को विकसित करने के साथ-साथ किसी भी राष्ट्र को एक खेल महाशक्ति के रूप में विश्व मानचित्र पर रखने की क्षमता होती है।

मित्रो,

खेलों में सफलता के साथ राष्ट्रीय गौरव जुड़ा है और इसमें देश को जाति, पंथ, धर्म से परे देश को एक सूत्र में बांधने और एक खुशाहल और स्वस्थ समाज के निर्माण करने की क्षमता होती है। भारत में अपार खेल प्रतिभा का एक समूह मौजूद है। इन प्रतिभाओं के पास खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता है। इन प्रतिभाओं को विश्व स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार किया जा सकता है।

इसी दृष्टिकोण से भारत सरकार ने “खेलो इंडिया योजना” सहित कई अन्य खेल नीतियां बनाई है। विभिन्न खेलों की ढांचागत व्यवस्थाओं में विकास एवं सुधार किया है। पिछले कुछ वर्षों में हमें इसका लाभ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में देखने को मिला है।

खेलो इंडिया, वर्ष 2017-18 में भारत सरकार द्वारा ज़मीनी स्तर के एथलीटों एवं खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने तथा संपूर्ण भारत में खेल के बुनायादी ढांचे का निर्माण करने के लिए परिकल्पित एक योजना है, जिसके परिणामस्वरूप भारत एक खेल राष्ट्र में परिवर्तित हो रहा है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत सरकार के बढ़े हुए खेल बजट ने देश में कई क्रांतिकारी और ज़मीनी योजनाओं को आकार दिया है, जिनकी बदौलत देश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों से कई खेल प्रतिभाओं-प्रेरणाओं ने जन्म लिया है।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में पिछले नौ वर्षों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। 'लुक ईस्ट पॉलिसी' यानी पूर्व की ओर देखो से 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' यानी पूर्व में कार्रवाई में बदलाव के साथ, केंद्र सरकार ने उत्तर-पूर्व क्षेत्र में खेल के बुनियादी ढांचे पर विशेष बल और प्रोत्साहन दिया है।

मित्रो,

चैंपियन पैदा नहीं होते। चैंपियन समर्पण, संघर्ष, समर्थन और कड़ी मेहनत के माध्यम से तैयार किए जाते हैं। इस दृष्टिकोण से खेलो इंडिया ओपन टैलेंट हंट बॉक्सिंग कार्यक्रम का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण और आवश्यक है। मैं समझता हूं कि यह केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जमीनी स्तर का विकास कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य मुक्केबाजी के युवा खेल प्रतिभाओं की खोज करना और उनका पोषण करना है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत क्रिकेट का दीवाना देश है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि भारत ने अन्य खेलों में नाम रोशन नहीं किया है। बॉक्सिंग भी हमारे देश का एक लोकप्रिय खेल है। ऐसे कई प्रतिभाशाली भारतीय मुक्केबाज हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। इनमें विजेंद्र कुमार, एम.सी. मैरिकॉम, लवलीना बोरगोहाई, शिव थापा, डिंग्को सिंह, देवेंद्रों सिंह, लैशराम सरिता देवी शामिल हैं। ये सभी युवा खिलाड़ियों के लिए आदर्श हैं। युवा मुक्केबाज खेल के प्रति इनके समर्पण, संघर्ष और दृढ़ संकल्प से प्रेरणा ले सकते हैं।

मुक्केबाजी केवल एक खेल, बल्कि खेल से कहीं अधिक है। यह अनुशासन, दृढ़ता और समर्पण जैसे मूल्यों को स्थापित करता है। कहा जाता है, "खेलों में एकजुट करने की शक्ति होती है।" इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भी विभिन्न पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों को एक साथ लाकर, **"एक भारत, श्रेष्ठ भारत"** की भावना को बढ़ावा देना है।

मैं सभी खिलाड़ियों से आग्रह करता हूं कि वे न केवल व्यक्तिगत गौरव के लिए, बल्कि अपने राज्य और हमारे प्यारे देश के सम्मान के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। याद रखें कि आपका हर मुक्का लाखों लोगों के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। आपकी आज की मेहनत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा बनेगी।

आशा है कि यह कार्यक्रम हमारे युवा मुक्केबाजों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करेगा।

अंत में मैं इस प्रतियोगिता के आयोजकों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और प्रायोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जो इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

पुनः कार्यक्रम की सफलता के लिए बहुत-बहुत शुभकमानाएं।

धन्यवाद।

जय हिन्द।